305 मिलनर एव,
सूट 920
स्कारबोरोघ, ऑन,
एम 1 बी3वाई4

फोन 4163213883

gta endoscopy services inc.

निवारण पर केन्द्रित, देखभाल पर स्थापित

गेस्ट्रोस्कोपी

गेस्ट्रोस्कोपी एक प्रक्रिया है जोकि **इसोफेगस** (निगलने वाली नलिका), **पेट** और **डयूडेनम** (छोटी आंतों का पहला भाग) की जांच करने के लिए इस्तेमाल की जाती है।

गेस्ट्रोस्कोपी से पहलेः

- जांच से *8 घण्टे पहले किसी भी तरह का भोजन न करें*। जांच से 4 घण्टे पहले तक आप सिर्फ पानी या सेब का रस ले सकते हैं।
- 7 दिन पहले *एस्प्रिन (एएसए), विटामिन ई लेना बंद कर दें।*
- 3 दिन पहले *टिकलिड, प्लेविक्स या एग्रीनोक्स लेना बंद कर दें।*
- *अगर आप काउमेडिन (वारफेरिन) लेते हैं* **-** तो अपनी जांच बुक कराने से पहले डॉक्टर से विशेष निर्देशों के लिए विचार–विमर्श कर लें कि इस दवा को लेना कब बंद करना है।

गेस्ट्रोस्कोपी के दौरान क्या होता है?

जब आप एन्ड्रोस्कोपी युनिट पर आते हैं, तो आपका पंजीकरण किया जाता है और हस्ताक्षर करने के लिए आपको एक सहमति–पत्र दिया जाता है। बिना प्रशमन के भी जांच की जा सकती है लेकिन प्रक्रिया के दौरान अधिकतर लोग प्रशमन को पसंद करते हैं। गले को सुन्न करने और बोलने से रोकने के लिए एक सामयिक ऐनाइस्थेटिक एजेन्ट (संवेदनहीनता प्रदान करने वाला पदार्थ) दिया जाता है।

इससे गेस्ट्रोस्कोपी के दौरान आप नींद आने की अवस्था में पहुंच जाते हैं लेकिन होश में रहते हैं। आपकी यह ऊंघने की अवस्था कुछ घण्टों तक बनी रह सकती है। अगर आप प्रशमन लेते हैं, तो आपको घर तक वाहन से छोड़ने या टैक्सी में आपका साथ देने के लिए कोई वयस्क व्यक्ति आपके साथ अवश्य होना चाहिए। हम आपको स्वयं सार्वजनिक वाहन चलाकर या टैक्सी लेकर घर जाने की अनुमति प्रदान नहीं करते। आप उस दिन खतरनाक मशीनों को नहीं चला सकते या वापिस काम पर नहीं लौट सकते। इस अवधि के दौरान आपको महत्त्वपूर्ण निर्णय भी नहीं लेने चाहिए।

गेस्ट्रोस्कोपी मुंह के मार्ग से दी जाती है। आपके दांतों की सुरक्षा के लिए एक माउथ गार्ड का इस्तेमाल किया जाता है। नकली दांतों को हटा देना चाहिए। हालांकि गेस्ट्रोस्कोपी असुविधाजनक हो सकती है, फिर भी यह प्रायः पीड़ादायी नहीं होती। जब स्कोप को भोजन नली में प्रवेश कराया जाता है, तो कुछ लोग खांसने या मुंह में कपड़ा ठूंसने की इच्छा का अनुभव करते हैं।

प्रक्रिया के दौरान छोटे सेम्पल (**बायोप्सी**) लिये जा सकते हैं। पेथोलोजिस्ट प्रयोगशाला में इन सेम्पलों की जांच करेगा। इस जांच में एक बैक्टीरिया (जीवाणु) जिसे हेलीकोबेक्टर पीलोरी के नाम से जाना जाता है, को ढूंढना भी शामिल है। यह बैक्टीरिया अल्सर के बढ़ने के जोखिम से जुड़ा है।

प्रक्रिया के बाद जब एक बार आपकी प्रशमन और ठंडक खत्म हो जाती है, तब आपको हल्के भोज्य पदार्थ खाने–पीने की अनुमति दी जाती है। आप अगले दिन से ही अपनी सामांय खुराक ले सकते हैं। हालांकि गेस्ट्रोस्कोपी करने में सिर्फ 5 मिनट लगते हैं, फिर भी रिकवरी स्थिति में पहुंचने में आपको 30–45 मिनट लगेंगे जब आपकी प्रशमन खत्म हो जाती है। आपके घर जाने से पहले हम आपको आपकी जांच के परिणाम बतला देंगे।

गेस्ट्रोस्कोपी के बाद कौन–से लक्षणों की आशा की जा सकती है?

प्रशमन का प्रभाव इस प्रक्रिया के शेष दिन रह सकता है जिसकी वजह से आपको नींद आयेगी। इस समय के दौरान आपको शराब पीने से बचना चाहिए। आपको गले के दर्द का भी अनुभव हो सकता है विशेषतौर से तब जब गेस्ट्रोस्कोपी के दौरान काफी कपड़ा ठूंसा गया हो। एक–दो दिन में आपको सहज ही आराम मिल जाता है। इसके लिए आप चूसने वाली गोली का इस्तेमाल कर सकते हैं। अधिकतर लोग दी की गई वायु से थोड़ा–सा कष्ट महसूस करते हैं। अगर आपको तेज दर्द हो रहा है या अन्य चिंताप्रद लक्षण हैं तो या तो आपको उस डॉक्टर से सम्पर्क करना चाहिए जिसने गेस्ट्रोस्कोपी की है या अपने परिवारिक डॉक्टर से मिलना चाहिए या फिर सबसे करीबी अस्पताल के अपातकालीन विभाग में जाना चाहिए।

गेस्ट्रोस्कोपी के क्या–क्या जोखिम हैं?

एक अनुभवी एंड्रोस्कोपीकर्त्ता के मुताबिक एन्ड्रोस्कोपी के बहुत ही कम जोखिम हैं। इन जोखिमों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- रक्त बहना
- छिद्र होना
- श्वासावरोध (फेफड़ों में तरल पदार्थ का अंतश्वसन)
- भोजन नली में चोट लगना
- गले में दर्द होना

गेस्ट्रोस्कोपी बहुत ही आम, सुरक्षित प्रक्रिया है। हालांकि इस प्रक्रिया से कुछ निश्चित जोखिम जुड़े हैं, फिर भी अधिकतर मामलों में उचित निदान–क्रिया स्थापित कर लाभ प्रदान करके इन जोखिम के महत्त्व को कम किया जाता है।